हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 204 कानपुर, शुक्रवार 22 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## नौरंगा कस्बे में गंदगी से बजबजा रहे नाले, टूटी पटिया दे रही हादसे को दावत

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरकारी कर्मियों को दिया कैशलेस इलाज का तोहफा

सीएम योगी ने गुरुवार को यूपी के 22 लाख से कर्मचारियों और पेंशनरों को कैशलेस इलाज की सुविधा की सौगात दी। उन्होंने कहा है कि कैशलेस चिकित्सा कार्ड की मांग लंबे समय से थी। आयुष्मान भारत योजना में अन्त्योदय कार्ड धारकों को 5 लाख तक का चिकित्सा बीमा कवर दिया जा रहा है। राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी सरकारी और इम्पैनल्ड अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा के लिए स्टेटहेल्थ कार्ड देने का निर्णय किया गया है। यूपी देश का पहला राज्य जिसने कर्मचारियों को यह सुविधा दी। राज्य कर्मचारियों को हम परिवार का अंग मानते हैं। कर्मचारियों को भी चाहिए कि वह जनता के हित के कार्य पूरे मनोयोग से करे। जो कर्मचारी कार्य में समस्या बढाते हैं रिटायर्मेंट के बाद वह खुद समस्या में रहते हैं। अच्छा कार्य करने वालों को लोग रिटायर्मेंट के बाद भी लंबे समय तक याद रखते हैं। राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। कोरोना काल में भी कर्मचारियों के हितों को प्रभावित नहीं होने दिया।समय से वेतन–पेंशन दिया गया। हम सब मिलकर राज्य की व्यवस्था को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएंगे ताकि यूपी आने वाले समय में देश का नंबर एक का अर्थव्यवस्था का राज्य बने।



## हमारी फ्री की रेवड़ी भगवान का प्रसाद है, केजरीवाल ने गुजरात में किए तीन बड़े वादे

गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को सूरत पहुंचे। यहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान केजरीवाल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए मुफ्त की बिजली देने समेत तीन बड़े वादे किए।

केजरीवाल ने कहा कि एक जुलाई से हमने पंजाब में बिजली फ्री की है, लोग चाहते हैं कि गुजरात में भी बिजली फ्री हो जाए। जो हमने दिल्ली और पंजाब में किया है वही गुजरात में करेंगे। आप की सरकार बनने के बाद तीन महीने के अंदर गुजरात में 300 यूनिट हर परिवार की बिजली फ्री होगी।केजरीवाल ने कहा कि कुछ लोग रेवड़ी की बात कर रहे हैं। जो फ्री की रेवड़ी जनता में बांटी जा रही है उसको भगवान का प्रसाद कहते हैं। फ्री बिजली देना, अच्छे स्कूल बनाना, फ्री में अच्छा इलाज करना ये भगवान का प्रसाद है। लेकिन जो अपने दोस्तों को फ्री की रेवड़ी दी जाए वो पाप है।




## टीएमसी का बड़ा फैसला, उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग प्रक्रिया से दूर रहेगी पार्टी, विपक्ष को लगा झटका

उपराषट्रपति चुनाव को लेकर तृणमूण कांग्रेस ने एक बड़ा फैसला लिया है. टीएमसी ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग प्रक्रिया में भाग नहीं लेगी. टीएमसी के इस फैसले से विपक्ष की एकजुटता को एक बड़ा झटका लगा है. पार्टी के इस फैसले की जानकारी पार्टी नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी ने दी । गौरतलब है कि देश के अगले उपराष्ट्रपति के लिए एनडीए की तरफ से पश्चिम बंगाल के गवर्नर जगदीप धनखड़ को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि वहीं विपक्ष ने राजस्थान की पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा को उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया है । तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने कहा कि एनडीए के उम्मीदवार को समर्थन देने का सवाल ही नहीं है क्योंकि उन्होंने राज्यपाल रहते हुए सरकार के साथ समन्वय नहीं रखा और विपक्ष ने बिना परामर्श के अल्वा के नाम का ऐलान कर दिया । उन्होंने कहा कि लेकिन पार्टी सांसदों के साथ आज की बैठक के बाद यह तय किया गया है कि हम उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेंगे । उन्होंने कहा, हम तृणमूल कांग्रेस को विश्वास में लिये बिना विपक्षी उम्मीदवार की घोषणा करने की प्रक्रिया से असहमत हैं। हमसे न तो कोई सलाह ली गई और न ही हमसे किसी बात पर चर्चा की गई। इसलिए हम विपक्ष के उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर सकते । बता दें कि एनसीपी चीफ शरद पवार ने टीएमसी से कहा था कि वह विपक्षी की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को अपना समर्थन दें इस पर टीएमसी ने जवाब में कहा था कि वह इस बारे में संसदीय दल की बैठक में फैसला लेगी. टीएमसी के इस फैसले से विपक्ष को बड़ा झटका लगा है । इससे पहले राष्ट्रपति चुनाव में टीएमसी काफी सक्रिय दिखी थी. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति उम्मीदवार को चुनने के लिए दिल्ली में विपक्षी पार्टियों के साथ मीटिंग भी की थी. हालांकि उस बैठक में राष्ट्रपति उम्मीदवार के नाम पर फैसला नहीं हो सका था. बाद में टीएमसी ने यशवंत सिंह को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया था ।





## राजभर का अखिलेश पर डायरेक्ट अटैक, कहा- सपा मुसलमानों को डर दिखाकर वोट लेती है, हक नहीं देती

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने गुरुवार को अपने साथी दल समाजवादी पार्टी पर मुस्लिम समाज को भाजपा का डर दिखाकर उनका वोट लेने और उसे उसका हक नहीं देने का आरोप लगाया। सपा से नाराज राजभर ने आरोप लगाते हुए कहा, सपा मुस्लिम समाज को भाजपा का डरा दिखाकर उनका वोट ले लेती है, मगर जब मुस्लिम समाज को हक देने का समय आता है तो वह मुंह मोड़ लेती है। उन्होंने सवाल किया, सपा प्रमुख अखिलेश यादव की साल 2012 से 2017 के बीच रही सरकार में पुलिस विभाग में भर्ती हुई थी। उसमें मुस्लिम समाज को उनकी हिस्सेदारी के लिहाज से 20 प्रतिशत नौकरियां मिलनी चाहिए थी। क्या सपा के नेता स्पष्ट करेंगे कि कितने फीसदी मुस्लिम युवकों को पुलिस में नौकरी मिली? राजभर ने अखिलेश यादव की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला करते हुए कहा कि तब रंगदारी वसूली से आम लोग भयाक्रांत रहा करते थे। उन्होंने दावा किया कि पिछले माह आजमगढ़ लोकसभा के उपचुनाव के दौरान वोट मांगते समय वोटर्स ने उनसे कहा था कि वे ऐसे दल को क्यों वोट दें, जिसके शासन में वे सुरक्षित नहीं रह सकते। गौरतलब है कि सुभासपा ने इस साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव सपा के साथ मिल कर लड़ा था और उसे 6 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन इस चुनाव के बाद से ही दोनों दलों के बीच तल्खियां बढ़ने लगी थीं। पिछले माह आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा के उपचुनाव में सपा की पराजय के बाद राजभर ने सपा प्रमुख के खिलाफ और




खुलकर बोलना शुरू कर दिया और उन्हें वातानुकूलित कमरों में बैठकर राजनीति करने वाला नेता बताया था। राजभर ने सपा और बहुजन समाज पार्टी को साथ मिलकर अगला लोकसभा चुनाव लड़ने का सुझाव भी दिया, जिसे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि उनकी पार्टी को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है। सपा और सुभासपा के बीच दूरियां उस वक्त और भी बढ़ गईं, जब राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्खुद को नहीं बुलाये जानेश से नाराज राजभर ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी के विधायक भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को वोट देंगे।

## देश की पहली आदिवासी महिला बनीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रचा इतिहास, 25 को लेंगी शपथ

देश को अगली राष्ट्रपति मिल गई है। रायसीना हिल्स की रेस में एनडीए की प्रत्याशी द्रौपदी मूर्म जीत गई है। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हरा दिया। अब वह देश की 15वीं राष्ट्रपति बनी । बता दें कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए 18 जुलाई को वोटिंग हुई थी। अब 25 को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी । द्रौपदी मूर्म ने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को बड़े अंतर से हरा दिया है। राज्यसभा के महासचिव और राष्ट्रपति चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर पीसी मोदी ने कहा कि तीसरे दौर की मतगणना में कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा और पंजाब शामिल हैं। वहीं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का चुनाव जीतने पर बधाई देते हुए लिखा कि राष्ट्रपति चुनाव में प्रभावी जीत दर्ज करने के लिए श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को बधाई। वे गाँव, गरीब, वंचितों के साथ–साथ झुग्गी–झोपड़ियों में भी लोक कल्याण के लिए सक्रिय रहीं हैं।आज वे उनके बीच से निकल कर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुँची हैं।यह भारतीय लोकतंत्र की ताक़त का प्रमाण है। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने वाली द्रौपदी मुर्मू पहली आदिवासी महिला नेता बन गई है। देश में अभी तक कोई भी आदिवासी न तो राष्ट्रपति और न ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हुआ है। इसके अलावा द्रौपदी मुर्मू जो दूसरा रिकॉर्ड बनाया है। उसमें खास बात ये है कि वो पहली राष्ट्रपति है, जो 1947 में देश को आजाद मिलने के बाद जन्मी हैं। देश में अभी तक जीतने भी राष्ट्रपति हुए हैं, उनका जन्म देश को आजादी मिलने से पहले हुआ। इसके साथ ऐसा पहली मौका होगा, जब किसी वक्त पार्षद रह चुका कोई व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचा है। उन्होंने साल 1997 में रायरंगपुर नगर पंचायत का पार्षद बनने के साथ अपने सियासी सफर की शुरुआत की थी। वही पहली बार 2000 में विधायक चुनी गई थी। बता दें कि द्रौपदी मुर्मू ने अपने राजनीति कैरियर की शुरुआत भाजपा के साथ की थी और अंत तक पार्टी के साथ जुड़ी रही। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का जीवन, उनके शुरुआती संघर्ष, उनकी समृद्ध सेवा और उनकी अनुकरणीय सफलता प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करती है। वह हमारे नागरिकों, विशेष रूप से गरीबों, हाशिए पर और दलितों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी हैं ।



## कोलकाता में शहीद रैली में गरजीं ममता बनर्जी, कहा- 2024 में भाजपा होगी साफ

दो वर्ष के अंतराल के बाद गुरुवार को कोलकाता के धर्मतल्ला में आयोजित शहीद दिवस रैली में तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर जमकर बरसीं। ममता ने कहा कि आज भले ही भाजपा हर जगह की सरकार गिराने में लगी है लेकिन बंगाल में उसकी एक नहीं चलेगी, क्योंकि बंगाल में बंगाल टाइगर रहती है। भाजपा ने 2021 में बंगाल में हमें हराने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सकी। उन्होंने कहा, भाजपा के पास ईडी और सीबीआई है, लेकिन टीएमसी के पास लाखों कार्यकर्ता हैं। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा आज की बारिश की तरह ही साफ हो जाएगी। ममता ने 2024 लोकसभा चुनाव में लोगों से केंद्र से भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा अगला पड़ाव दिल्ली है। भाजपा के कार्यकाल में बेरोजगारी बढ़ी जबकि बंगाल में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। आज जैसे ही शहीद दिवस रैली जब शुरू हुई, जमकर बारिश होने लगी। उस वक्त मुख्यमंत्री के भतीजे



और टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी भाषण दे रहे थे। उन्होंने भीगते हुए अपना भाषण जारी रखा। बारिश में छतरी लेकर लोगों ने अभिषेक को सुना। मुख्यमंत्री ममता ने अपने भाषण में मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का दिमाग खराब हो गया है। मुरमुरे पर भी जीएसटी लगा दिया है। मिठाई, लस्सी, दही पर भी जीएसटी लगा दिया है। लोग क्या खाएंगे? मरीज के अस्पताल में भर्ती होने पर भी जीएसटी।

ये बताएं कि मरने पर कितना जीएसटी लगेगा। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा के पास कोई बुद्धिजीवी नहीं है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें पहले ही आसमान छू रही हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर हमला जारी रखते हुए कहा कि ये अग्निपथ क्या है? क्या देश के नौजवान भाजपा के कैडर के रूप में काम करेंगे? यह युवाओं का अपमान है। ममता ने कहा कि रेलवे से लेकर विभिन्न सरकारी विभागों में लाखों नौकरियां खत्म हो गई हैं और अब नई स्कीम आई है अग्निपथ। मैं कहती हूं कि आर्मी का कोई विकल्प नहीं होता है,

आर्मी तो आर्मी होती है। अग्निपथ के नाम पर भाजपा अपना सशस्त्र कैडर तैयार करने की कोशिश कर रही है। यह सब ज्यादा दिन नहीं चलने वाला है। 2024 में भाजपा की विदाई होने वाली है।

# सम्पादकीय

## अविवाहित रहने की बढ़ती आकांक्षा

राष्ट्रीय सांख्यिकी रिपोर्ट में सामने आया है कि बीते कुछ वर्षों में अविवाहित रहने की चाहत रखने वाले युवाओं की संख्या में वृद्धि हुई है. सर्वे के अनुसार, 15–29 आयु वर्ग के अविवाहित युवाओं का अनुपात 2019 में बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया, जो 2011 में 17.2 प्रतिशत था. अविवाहित युवाओं की संख्या और तेजी से बढ़ेगी, जो समाज के लिए बहुत दुखद बात है.

समाज किसी निर्जीव वस्तु का नाम नहीं है. समाज, समाज के लोगों से बनता है. जब व्यक्तिशरू लिये गये निर्णय समूहगत निर्णय में परिवर्तित होने लगते हैं, तो वे न केवल समाज को सकारात्मक या नकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, अपितु समाज की पूरी दिशा को भी परिवर्तित कर देते हैं. यह प्रश्न स्वाभाविक है कि ऐसा क्यों हो रहा है? इसका पहला कारण है कि युवा पीढ़ी लगभग दो दशकों से अपना आदर्श पश्चिमी संस्कृति को मानती आ रही है. प्यू रिसर्च के एक अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में पिछले पांच वर्षों में तलाक की दर दोगुनी हो गयी है. आधे से अधिक अमेरिकी शादी को महत्वपूर्ण तो मानते हैं, लेकिन जीवन को पूर्णता में जीने के लिए वे इसे आवश्यक नहीं मानते. अमूमन ऐसी ही स्थिति भारत में भी होती जा रही है, क्योंकि यहां तलाक की दर बहुत बढ़ रही है.

ऐसे में युवाओं के मन में भय उत्पन्न हो गया है कि शादी का अंतिम परिणाम यदि अलग होना है, तो इसमें प्रवेश ही क्यों किया जाये. दूसरा, आज जो युवा पीढ़ी है, उसकी जिस तरीके से परवरिश हुई है, उसने उन्हें बहुत अधिक बदल दिया है. इसके दोषी अकेले युवा पीढ़ी नहीं हैं. पहले जो पारिवारिक व्यवस्था थी, वह परिवार केंद्रित थी. इसमें संयुक्त परिवारों का महत्व था. उसके बाद वह अभिभावक केंद्रित हो गयी. बीते दो–तीन दशकों में वह बाल केंद्रित हो गयी है, जिसका उद्देश्य हर समय बच्चों को महत्व देते हुए उसकी समस्त आकांक्षाओं की पूर्ति है. आकांक्षाओं की पूर्ति में बच्चा श्नहींश जैसे शब्द से परिचित ही नहीं हुआ. अब जब नहीं, अस्वीकारिता जैसे शब्द उसके शब्दकोश में थे ही नहीं, तो इससे स्वाभाविक तौर पर सामंजस्य, समर्पण और त्याग ये तीनों ही शब्द स्वतरू ही उसके जीवन से समाप्त हो गये. जब किसी के व्यक्तित्व में ये तीनों ही चीजें नहीं हैं, तो वह किसी भी स्थिति में परिवार निर्मित नहीं कर सकता. परिवार के निर्माण के तीन मूलभूत आधार हैं– सामंजस्य, समर्पण और त्याग. युवा पीढ़ी में तलाक के मामले इन्हीं तीनों बिंदुओं के अभाव के कारण बढ़े हैं तीसरा, आज से दो–तीन दशक पूर्व लड़कियों के जीवन का उद्देश्य एक खास उम्र के बाद विवाह करना होता था, क्योंकि माना जाता था कि विवाह जीवन में स्थिरता और आर्थिक सुदृढ़ता लाता है.

परिवार, समाज की सोच बदली और लड़कियों को पढ़ाया जाने लगा, यह बहुत आवश्यक भी था. परंतु, इसकी परिणति यह हुई कि अब लड़कियां विवाह को एक विकल्प के तौर पर देखती हैं, अपने जीवन के ध्येय के तौर पर नहीं. क्योंकि अब लड़कियां आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने लगी हैं. अमेरिका की फर्टिलिटी एंड फैमिली ब्रांच की 2018 की एक रिपोर्ट कहती है कि यह मनरूस्थिति पूरे विश्व में बन चुकी है, यह केवल भारत की बात नहीं है. अब आर्थिक सुदृढ़ता पहली प्राथमिकता हो गयी है. युवाओं के लिए विवाह दूसरा विकल्प है. कई बार तो भौतिक संसाधनों का जुगाड़ करते–करते इतनी देर हो जाती है कि युवाओं की नजर में विवाह का औचित्य ही समाप्त हो जाता है. चौथा कारण सोशल मीडिया है. पहले व्यक्ति परिवार इसलिए बनाना चाहता था क्योंकि वह उसे अपने दुख–सुख का साथी मानता था. उसके समय व्यतीत करने का एक माध्यम था परिवार. वह मानता था कि परिवार में रच–बस कर उसका व्यक्तित्व संपूर्ण हुआ. पर आज सोशल मीडिया ने उसे सारे विकल्प उपलब्ध करा दिये हैं. अब व्यक्ति अकेला होते हुए भी स्वयं को कम अकेला महसूस करता है. पांचवां कारण महंगाई व आर्थिक सुरक्षा है. वर्ष 2020 में अमेरिका में हुए एक अध्ययन के अनुसार, युवा मानते हैं कि शादी जरूरी है, पर उससे भी ज्यादा जरूरी है आर्थिक सुरक्षा.

चूंकि, परवरिश का तरीका बदला, ना सुनने की आदत, सामंजस्य की आदत समाप्त हुई, सो युवा पीढ़ी कमिटमेंट करने से डरने लगी है. वह किसी भी प्रकार के भावनात्मक दायित्व के निर्वहन से भयभीत है. उनके शब्दों में यह सब झमेला है. पहले विवाह करने का एक बड़ा कारण शारीरिक सुखों की प्राप्ति भी था, पर अब लोगों की सोच शारीरिक संबंधों को लेकर बहुत उन्मुक्त हो चुकी है. जब यह सुख बिना विवाह किये ही प्राप्त हो सकता है, तो युवा पीढ़ी विवाह बंधन में भला क्यों बंधना चाहेगी. एक और बात, शादी ना करने का फैसला पूरी तरह से विवाह संस्था से मोहभंग होना है. इसका कारण अधिकांश परिवारों में सामंजस्य की कमी के कारण विवाहों का ढोया जाना है. इस सोच का प्रभाव समाज पर बहुत नकारात्मक पड़ेगा. प्रसिद्ध समाजशास्त्री इमाईल दुर्खीम ने अपनी पुस्तक श्सुसाइडश में लिखा था कि विवाहित पुरुषों की अपेक्षा अविवाहित युवा अधिक आत्महत्या करते हैं, क्योंकि विवाह भावनात्मक सुरक्षा देता है, अकेलापन दूर करता है. विवाह न करने का असर अभी तो महसूस नहीं होगा, तीन दशकों के बाद इसके परिणाम सामने आयेंगे. जब युवा पीढ़ी उम्रदराज होगी, उसका शरीर व मन थकने लगेगा, मस्तिष्क वृद्ध होने लगेगा, तब उनके पास कोई भी नहीं होगा.

उदय समाचार
दैनिक
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
संपादक
उदय कुशवाहा
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा।

# राष्ट्रीय आम दिवस – 22 जुलाई



आज 22 जुलाई को राष्ट्रीय आम दिवस है । फलों का राजा आम न केवल स्वाद में बादशाह होता है बल्कि पोषण से भी भरपूर होता है. दुनिया भर में सैकड़ों किस्मों में पाया जाने वाला यह सरताज फल स्वास्थ्य को गज़ब का बूस्ट देता है. कच्चे आम से बने ड्रिंक आम पना को गर्मियों से राहत दिलाने वाला पेय माना जाता है वहीं पका आम भी गुणों की खान है. आइए विश्व आम दिवस पर जानते हैं आम की कुछ उन खूबियों के बारे में जिसकी वजह से यह फल खास हो जाता है ।

आम धारणा के विपरीत आम में कम कैलरी की अपेक्षा अधिक मात्रा में पोषक तत्व होते हैं. यह खासतौर पर विटामिन सी का बेहद अच्छा सोर्स है. इस वजह से न केवल शरीर की इम्यूनिटी बेहतर होती है बल्कि कोशिकाओं औत उतकों का भी बेहतर विकास होता है ।

**कैलरी की बात**

हो तो 165 ग्राम आम में 100 यूनिट से भी कम कैलरी होता है. इसका अर्थ यह है कि आम की कैलरी डेंसिटी बेहद कम होती है. यह मात्रा ताजे फल की है पर सूखे आम में कैलरी डेंसिटी बढ़ जाती है । ताज़े आम में नेचुरल शुगर की मात्रा काफी अधिक होती है. यह फिल्टर्ड चीनी खाने की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक है. वे लोग जिन्हें चीनी या इससे बनी मीठी चीज़ें खाने के लिए मना किया गया है, वे आम के नेचुरल मिठास का आनंद उठा सकते हैं । इम्यूनिटी बूस्टिंग पोषक तत्वों की खान है. एक कप आम आपको आपके डेली विटामिन ए नीड्स का 10 प्रतिशत उपलब्ध करवा सकता है. साथ ही यह आपकी रोज़मर्रा की विटामिन सी का 65 प्रतिशत तक दे सकता है. इसके अतिरिक्त आम में कॉपर, फोलेट, कई तरह के विटामिन बी कॉम्पोनेन्ट और विटामिन ई भी पाया जाता है ।

# राष्ट्रपति बनने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए? क्या कोई भी कर सकता है आवेदन?

देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. आज फैसला हो जाएगा कि रायसीना हिल्स स्थित राष्ट्रपति भवन में अगले पांच साल तक यशवंत सिन्हा और द्रौपदी मुर्मू में से कौन रहेंगे. वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई 2022 को पूरा हो रहा है. जैसा कि आप जानते होंगे कि राष्ट्रपति के चुनाव के लिए लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा के सदस्य मिलकर निर्वाचन मंडल बनाते हैं. चूंकि संसद के गठन में भी राष्ट्रपति को शामिल किया जाता है और राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक भी कहलाता है और राष्ट्रपति को कुछ विशेष शक्तियां भी दे जाती हैं, जो संविधान के अनुसार ही राष्ट्रपति का अधिकार भी होती हैं, ऐसे में यह उत्सुकता होती है कि राष्ट्रपति बनने के लिए कौन–सी योग्यता होनी जरूरी होती है, जिसके आधार पर संविधान के तहत राष्ट्रपति का चुनाव किया जाता है. आइए जानें–

### भारत का राष्ट्रपति बनने के लिए कौन-सी योग्यताएं हैं जरूरी?

राष्ट्रपति देश का पहला नागरिक होता है. ऐसे में जाहिर है कि इस खास पद पर पहुंचने के लिए खास योग्यताएं होनी चाहिए. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 58 के तहत राष्ट्रपति के पद पर नियुक्त होने के लिए एक व्यक्ति में कुछ विशेष योग्यताओं का होना जरूरी है. भारत का कोई भी नागरिक जिसकी आयु 35 साल या उससे अधिक हो, वह देश का राष्ट्रपति बन सकता है. इसके अलावा वह व्यक्ति लोकसभा का सदस्य होने के योग्य होना चाहिए. किसी भी लाभ के पद पर न होने के साथ–साथ उम्मीदवार के पास कम से कम 50 प्रस्तावक और 50 समर्थक विधायक होने चाहिए. इसका मतलब यह हुआ कि अगर कोई व्यक्ति राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रहा है तो यह जरूरी है कि उसे इस चुनाव में शामिल होने वाले कम से कम 100 विधायक जानते हों.

भारत का कोई भी नागरिक एक से अधिक बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकता है.

### भारत के राष्ट्रपति में क्या योग्यता होनी चाहिए?

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 58 के तहत राष्ट्रपति के पद पर नियुक्त होने के लिए एक व्यक्ति में कुछ विशेष योग्यताओं का होना जरूरी है, जो आगे बतायी जा रही हैं–

राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना जरूरी है

राष्ट्रपति के पद के लिए उम्मीदवारी वही पेश कर सकता है, जो 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने की योग्यता रखनी जरूरी है

राष्ट्रपति के पद के लिए उम्मीदवार का नाम कम से कम 50 मतदाताओं के द्वारा प्रस्तावित और 50 मतदाताओं के द्वारा अनुमोदित होना चाहिए

राष्ट्रपति के पद के लिए जमानत राशि 15 हजार रुपये है और कुल वैध मतों का 1/6 भाग मत नहीं मिलने पर यह राशि जब्त हो जाती है




राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार संसद अथवा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन का सदस्य नहीं होना चाहिए

राष्ट्रपति अपने कार्यकाल की अवधि में कोई अन्य पद धारण नहीं कर सकते हैं

अनुच्छेद 57 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति राष्ट्रपति पद पर पुनर्निर्वाचन के लिए योग्य है.

# गणेशोत्सव, मुहर्रम और दही हांडी पर लगे सभी प्रतिबंध खत्म, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने किया ये ऐलान

महाराष्ट्र में दो साल बाद गणेशोत्सव के साथ–साथ मुहर्रम और दही हांडी का आयोजन किया जायेगा. हालांकि, इस दौरान सभी नियमों का पालन किया जायेगा. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद यह जानकारी दी है. सरकार ने गणेशोत्सव, मुहर्रम और दही हांडी पर कोरोना काल में लगे सभी प्रतिबंध हटा लिये गये हैं. हालांकि, इनके आयोजन में जरूरी नियमों का पालन किया जायेगा. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह जानकारी दी.

### सभी नियम-कानून का पालन होगा

उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव, मुहर्रम और दही हांडी के दौरान सभी नियम–कानून का पालन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जो भी पाबंदियां लगायी गयी थी, उसे हमने हटा लिया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जो भी निर्देश हैं, उसका पालन करना सुनिश्चित करेंगे. बता दें कि महाराष्ट्र में गणेशोत्सव और दही हांडी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है. कोरोना संकट की वजह से पिछले दो सालों से कोई बड़ा आयोजन नहीं हुआ.

### गणेशोत्सव में नहीं रहेगी कोई पाबंदी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी के दौरान आयोजित होने वाले गणेशोत्सव में किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं रहेगी. यहां तक कि गणेश की प्रतिमा की ऊंचाई पर भी कोई पाबंदी नहीं होगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि गणेश उत्सव के लिए कुछ नियम–कानून का पालन करना सुनिश्चित जायेगा, ताकि लोगों को बाद में किसी तरह की परेशानी न हो.

### महाराष्ट्र के लोग इस बार खुलकर मनायेंगे उत्सव

श्री शिंदे ने कहा कि पिछले दो सालों से गणपति और दही हांडी का आयोजन नहीं हुआ. इसलिए इस बार लोग खुलकर उत्सव मनायेंगे. उन्होंने कहा कि हम बिना किसी समस्या के अपने उत्सव मनायेंगे. इसके लिए सभी तरह के इंतजाम किये जायेंगे. सिंगल विंडो परमिशन सिस्टम




की व्यवस्था की जायेगी. इस बार सभी तरह की रियायत दी जायेगी.

# अनिल विज बोले- डीएसपी सुरेंद्र बिश्नोई की हत्या की न्यायिक जांच कराएगी हरियाणा सरकार

हरियाणा के नूंह जिले में अवैध पत्थर खनन की जांच कर रहे पुलिस उपाधीक्षक सुरेंद्र बिश्नोई की हत्या मामले पर बड़ी खबर सामने आ रही है. हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारी सरकार ने फैसला किया है कि नूंह की उस घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी, जहां डीएसपी सुरेंद्र कुमार की डम्पर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी. अनिल विज ने कहा कि साथ ही उस इलाके में हो रहे अवैध खनन की भी जांच कराई जाएगी.

### सुरेंद्र बिश्नोई की बेरहमी से कर दी गई थी हत्या

बता दें कि 19 जुलाई की दोपहर डंपर से कुचलकर पुलिस उपाधीक्षक सुरेंद्र बिश्नोई की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. सुरेंद्र बिश्नोई तावडू हिल इलाके में छापेमारी करने गए थे. उन्होंने अवैध तरीके से पत्थर लेकर आ रहे डंपर को हाथ देकर रोकने का इशारा किया, लेकिन गाड़ी की स्पीड तेज करते हुए ड्राइवर ने उन्हें कुचल दिया था. वहीं, खनन माफिया घटना के बाद भूमिगत हो गए है. बताया जा रहा है कि पंचगांव के अलावा क्षेत्र के 10 गांवों में अवैध खनन होता है.

### कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कही ये बात

कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को लेकर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने जीवन में कई सत्याग्रह किए,

लेकिन उन्होंने किसी बेईमानी के लिए सत्याग्रह नहीं किया. अनिल विज ने कहा कि सोनिया गांधी अगर पाक हैं तो ये सब करने की क्या जरूरत है. वो जाएं और प्रवर्तन निदेशालय (ED) के प्रश्नों का जवाब दें. मालूम हो कि नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ईडी के सामने पेश हुई. करीब ढाई घंटे हुई पूछताछ में सोनिया गांधी से कई सवाल पूछे गए. ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष को अब 25 जुलाई को पेश होने को कहा है. इधर, देशभर में कांग्रेस के कार्यकर्ता और कई बड़े नेता जांच एजेंसी की कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं.




# मौजूदा समय में किसी अभिनेता को अथवा मुझे दक्षिण भारतीय कलाकार कहना बेमानी– धनुष

अभिनेता धनुष का मानना है कि ऐसे समय में जब देश में अखिल भारतीय फिल्मों की चर्चा हो रही है, किसी अभिनेता को उसकी क्षेत्रीय पहचान से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए. निर्देशक जोड़ी जो रूसो और एंथनी रूसो की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म ''द ग्रे मैनश्श में काम कर रहे धनुष का कहना है कि एक संयुक्त श्भारतीय फिल्म उद्योगश के रूप में फिल्मों का निर्माण करने के प्रयास किए जाने चाहिए.

### दक्षिण भारतीय कलाकार कहना बेमानी

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता धनुष ने संवाददाताओं से कहा, ''मौजूदा समय में मुझे अथवा किसी अन्य अभिनेता को दक्षिण भारतीय कलाकार कहना बेमानी है. मुझे बहुत खुशी होगी यदि हम सभी अभिनेताओं को भारतीय कलाकार कहकर संबोधित किया जाए न कि दक्षिण भारतीय अथवा उत्तर भारतीय कलाकार के नाम से. मनोरंजन के क्षेत्र में पूरी दुनिया एक ही मंच पर आकर काम करने की दिशा में आगे बढ़ रही है. इससे हमें भी प्रेरणा लेनी चाहिए और अब समय आ गया है जब हम एकसाथ आकर एक विशाल भारतीय फिल्म उद्योग के लिए काम करें.

### अच्छा होगा यदि हम सभी एकसाथ काम करें

धनुष ने कहा, '' बहुत अच्छा होगा यदि हम सभी एकसाथ काम करें और केवल दक्षिण अथवा उत्तर भारतीय दर्शकों के लिए नहीं बल्कि सभी लोगों के लिए फिल्में बनाएं. मौजूदा समय में प्रत्येक फिल्म को एक भारतीय फ्ध्लि्म के रूप में देखा जाना चाहिए, विशेष रूप से तब जबकि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सभी लोग एक–दूसरे का काम देख सकते




हैं. ''

### ''द ग्रे मैनश्श में नजर आयेंगे धनुष

धनुष ने डिजिटल प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाली फिल्म ''द ग्रे मैनश्श के प्रचार के अवसर पर बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में यह बात कही. इस मौके पर निर्देशक जो रूसो और एंथनी रूसो की जोड़ी भी मौजूद थी. ''द ग्रे मैनश्श मार्क ग्रेनी के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित एक फिल्म है.

# 'ककराऊ गांव में लगे हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या का संकट'

'हमीरपुर'– कुरारा विकास खंड क्षेत्र के ककराऊँ गांव में लगे हेंडपंम्प खराब होने से ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या है। वही ग्राम पंचायत द्वारा इनका सुधार नहीं किया जा रहा है।इसके चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ककरोऊँ गांव में ग्राम पंचायत द्वारा 40 हेंडपंम्प लगे हैं। इनमें 18 हेंडपंम्प खराब पड़े हैं। कुछ हेंडपंम्प गंदा पानी दे रहे हैं जिनका पानी कुछ देर रखने पर लाल हो जाता है जो कि पीने लायक नहीं रहता है। गांव निवासी धर्मन्द्र, रामबाबू , राजेश आदि ने बताया कि पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूप लगा है लेकिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगो को पेयजल आपूर्ति नही मिल पा रही है। वही हेंडपंम्प भी खराब



होने के कारण लोगो को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़रहा है। लोगों ने हेंडपंम्प ठीक कराये जाने की मांग की है।

# अनियंत्रित ट्रक खाई में पलटा, एक ही घर की दो महिलाएं दबी एक की मौत एक रेफर

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के रूपनगर गांव के पास भोगनीपुर की ओर से चौडगरा जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा। हादसे में बकरियां चरा रही बहू की ट्रक के नीचे दबने से मौके पर मौत हो गई। वही पास बैठी सास गंभीर रूप से घायल हो गई। रहगीरो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में सास को हैलट रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया है। घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के रूपनगर गांव निवासी इंदल सिंह की पत्नी अंगूरी देवी अपनी बहू सीमा के साथ खेतों में बकरियां चराने जा रही थी। तभी गांव के किनारे पहुंचते ही भोगनीपुर की ओर से चौडगरा की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर उन्हें टक्कर मारते हुए खाई में जा पलटा। हादसे में बहू सीमा की ट्रक के नीचे दबने से मौके पर मौत हो गई।

वही सास अंगूरी गंभीर घायल हो गई। रहगीरो ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे घाटमपुर इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने घायल सास अंगूरी को 108 एंबुलेंस की मदद से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया है। जहां प्राथमिक उपचार कर उसे गंभीर हालत में हैलट रेफर कर दिया गया। जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।



वही पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया है। हादसे के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में घाटमपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घायल को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया है। ट्रक चालक को हिरासत में लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।
तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पानी की किल्लत को देखते हुए शुरू हुआ पानी की टंकी का निर्माण

उदय समाचार । कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के तेजपुर गांव में केंद्र सरकार की स्वच्छ पेयजल मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बता दें कि ग्राम पंचायत तेजपुर–कुंवरपुर में, हर घर नल, हर घर जल, योजना के तहत ग्राम प्रधान अर्चना दीक्षित के अथक प्रयास से पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। शुक्रवार से नलकूप की बोरिंग का काम शुरू कराया गया। कुंवरपुर– तेजपुर रोड के किनारे स्थित स्टेडियम के पास पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। गांववालों ने बताया कि पानी टंकी बनने के बाद उनको स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो




सकेगा । बता दें कि, तेजपुर और आसपास के इलाके में भूगर्भ जलस्तर नीचे चले जाने से इंडिया मार्का सरकारी हैंडपंप और निजी संसाधन जवाब दे रहे हैं। जिसके चलते मार्च–अप्रैल का महीना शुरू होते ही पेयजल संकट सिर उठाने लगता है। पानी टंकी बनने के बाद लोगों को पेयजल समस्या से निजात मिलेगी।

# नौरंगा कस्बे में गंदगी से बजबजा रहे नाले, टूटी पटिया दे रही हादसे को दावत

कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के नौरंगा कस्बे में जल निकासी की व्यवस्था को लेकर नाले गंदगी से बजबजा रहे हैं जिससे बारिश के चलते कस्बे की जल निकासी कैसे होगी । ग्राम प्रधान व विकासखंड भीतरगांव के अफसरों की अनदेखी कस्बे के लिए परेशानी का सबब बन रही है। कस्बे के नाले व नालियों की सफाई का काम नहीं हो सका है। और नाले के ऊपर रखी पटिया भी काफी मात्रा में टूट चुकी है आलम यह है कि कस्बे के नाले व नालियां कूड़े–कचरे से पटे पड़े हैं। गदंगी से चोक नाले–नालियों के ऊपर से गंदा पानी बह रहा है। यदि तेज बारिश होती है तो ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है । सबकुछ जानते हुए भी ग्राम प्रधान व ब्लाक के अफसर चेत नहीं रहे हैं। बारिश के दिनों में गांव में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अभियान चलाकर नाले व नालियों की सफाई की जाती है। आम तौर पर मई व जून के प्रथम सप्ताह तक साफ– सफाई हो जाती है, मगर इस बार कस्बे के नालों एवं नालियों की सफाई को लेकर ग्राम प्रधान तनिक भी संजीदा नहीं हैं।

मानसून सिर पर है, लेकिन अब तक नाले जस के तस पड़े हुए हैं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान अपने कार्यों में लिप्त है प्रधानी के कामकाज कई दिग्गजों के हाथ में है इसलिए विकास कार्यों की



रफ्तार धीमी है अभी तक नौरंगा कस्बे में किसी प्रकार का विकास कार्य नहीं हुआ जगह–जगह नाला कूड़े व कचरे से पटा पड़ा है। गंदगी से पूरा न लोगों को नाले की सफाई का इंतजार है। इसके अलावा नाले से जुडने वाली मोहल्लों की नालियां भी बजबजा रही हैं। नाले की अब तक सफाई न होने से लोगों को बारिश के दिनों में अब चिंता सता रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर राष्ट्रीय पक्षी घायल

कानपुर । सजेती थाना क्षेत्र के गांव बावन के बाहर अज्ञात वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर गम्भीर रूप से घायल हो गया । ग्रामीणों ने सजेती थाने में इसकी सूचना दी । मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे सजेती एसओ ने मोर को वंही घायल अवस्था में छोड़कर वापस थाने आ गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस चौकी कोरिया पहुंचे । जहां पर चौकी इंचार्ज ने घायल मोर की सूचना वन विभाग को दी । मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम को चौकी इंचार्ज ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को सुपुर्द कर दिया । जहां वन विभाग द्वारा मोर का इलाज करवाया गया ।



# धान की रोपाई कराते समय किसान को सर्प ने काटा, हालत गंभीर

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में धान की रोपाई करा रहे किसान को सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है बताते चलें कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के भेउली गांव निवासी किसान दीपनारायण उम्र 32 वर्ष पुत्र राम शंकर जो कि अपने खेतों में धान की रोपाई करा रहे थे तभी धान की बेल एक स्थान पर जमा थी जिसे खेत पहुंचा रहे थे बेल के अंदर छिपे सर्प ने उन्हें काट लिया जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई जानकारी होने पर परिजनों ने आनन–फानन निजी



वाहन से सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया है ।

# दो घंटे की बारिश से नगर हुआ जलमग्न

उदय समाचार । प्रदीप कुशवाहा फतेहपुर जनपद के खागा तहसील के नगर एवं देहात क्षेत्र में गुरुवार करीब डेढ़ घंटे हुई झमाझम बारिश ने उमस व गर्मी से त्राहि त्राहि कर रहे लोगों को राहत तो दी। लेकिन नगर की ध्वस्त जल निकासी व्यवस्था व पालिका की अकर्मण्यता ने लोगों को तीखा दर्द दिया। बरसाती पानी लोगों की दुकानों से लेकर घरों के भीतर घुस गया। जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान भी हुआ है। गुरुवार दोपहर करीब ग्यारह बजे से एक बजे के बीच झमाझम बारिश हुई। जिसके चलते नगर के फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही बस्ती रोड, सिनेमा टाकीज रोड, नगर पालिका रोड में जलभराव हो गया भारतीय स्टेट बैंक पुरानी बाजार बस्ती रोड का शायद ही कोई कोना हो, जहां जलभराव के हालात न पैदा हुए हो। बारिश बंद होने के बाद कई घंटे तक सड़कों में जलभराव के चलते जहां लोग बेहद परेशान देखे गए, वहीं दुकानों व घरों में पानी भर जाने से लोग बाल्टियों से उसे उलीचते देखे गए। रोडवेज बस स्टेशन जूनियर हाई स्कूल मैदान से लेकर तहसील परिसर तालाब में तब्दील हो गए। अनियोजित विकास व कब्जे अहम कारण, परवान न चढ़े ।

**नासूर बन चुकी हैं जल निकासी की समस्या**

नासूर बनती जा रही नगर की जल निकासी समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है इसके साथ ही बीते वर्ष शुरू हुए विधायक के



प्रयास भी परवान नहीं चढ़ सके। जिसके चलते चालू वर्ष में भी नगरवासियों को जलभराव का दंश झेलना पड़ रहा है। जलभराव की समस्या कोई दो चार वर्ष में पैदा नहीं हुई है। पालिका के अदूरदर्शी नेतृत्व के चलते हुए अनियोजित विकास व जलनिकासी के रास्तों में अवैध कब्जों के फलस्वरूप आज नासूर बनी समस्या कारण बना हुआ है ।

# तेज रफ्तार बाइक से गिरकर महिला घायल, जिला अस्पताल रेफर

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से महिला गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई बताते चलें कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के तेदुली गांव के समीप बाइक सवार सावित्री देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी देवकरण निवासी दुर्गागंज थाना औग जोकि गांव के ही कमलेश कुमार के साथ बाइक से बिंदकी जा रही थी तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से गिरकर तेदुली गांव के समीप सावित्री देवी गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है ।

# पतारा में व्यापारी संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## घाटमपुर व पतारा बाजार में जलभराव का मुद्दा रहा गंभीर चर्चा का विषय

उदय समाचार । कानपुर । गुरूवार को घाटमपुर विधानसभा के अंतर्गत पतारा बाजार के श्याम बैंकट हॉल में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल कानपुर पूर्वी की संगोष्ठी हुई। व्यापारी संगोष्ठी में घाटमपुर और पतारा के बाजारों के सभी ट्रेड के व्यापारी सम्मिलित हुए और विभिन्न व्यापारिक मुद्दों पर और समस्याओं पर चिंतन हुआ। बैठक मे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्री महेश वर्मा ने बताया वर्तमान परिस्थिति में जिस प्रकार सरकार द्वारा सिंगल टाइम यूज़ प्लास्टिक को बैन किया गया है उस पर सभी व्यापारियों को जागरूक होकर बैन प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करना होगा और उसके विकल्प को भी तलाशना होगा। सभी व्यापारियों को संगठित होकर व्यापार करने से ही लाभ मिलेगा, संगोष्ठी में बाजार के पांच वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। संगोष्ठी में विभिन्न बाजारों से आए हुए व्यापारी प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें प्रमुख रूप से महेश वर्मा, रजत पांडे, सतेंद्र सिंह, विनोद शुक्ला, रवि, गोपाल, फहीम, गोलू, धीरेंद्र मोहन त्रिपाठी, उसामा मिर्ज़ा, हिमांशु, प्रदीप मिश्रा, दीपक मिश्रा,



मुकेश सोनी, प्रमोद भदोरिया, दिलीप, अमन सिंह, पतारा चौकी प्रभारी विनीत मिश्रा आदि मौजूद रहे ।

# महिला थाना द्वारा पति-पत्नी के घरेलू विवाद का आपसी सहमति से निस्तारण करवाया गया

हमीरपुर'– आवेदिका पति द्वारा परेशान किए जाने के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था।

जिसमें दोनों पक्षों को थाना स्थानीय पर बुलाया गया आवेदिका तथा विपक्षी पति को समझाया गया विपक्षी द्वारा अपनी गलती स्वीकार की गई तथा बताया कि अब मै कोई गलती नहीं करुंगा और सही से साथ रहूंगा जिसमें पत्नी व ससुराल वाले खुश रहे मैं वही करुंगा! दोनों लोग साथ रहना चाहते हैं आपसी सहमति से समझौता किया गया।

# 'महिला ने पुलिस पर मारपीट करने व बेइज्जत करने का आरोप लगाकर डीआईजी को भेजा शिकायती पत्र'

'हमीरपुर'– कस्बा कुरारा के जलसंस्थान के समीप रहने वाली महिला ने पति द्वारा मारपीट करने की तहरीर थाने में देने जाने पर पुलिस द्वारा मारपीट कर बेइज्जत करने का शिकायती पत्र डीआईजी को भेजकर मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के बिलौटा गाँव निवासी महिला हाल निवास जलसंस्थान के पास कुरारा ने डीआईजी बाँदा को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि मेरा पति संजय गुप्ता शराब का आदी है। जमीन जायदाद बेंचकर नशे में उड़ा दिया है। तथा मेरे व मेरी दो लड़कियों के साथ मारपीट करता है। तथा दो दो दिन तक खाना नही देता है। पीड़ित पत्नी उर्मिला ने 27 जून को थाने में पति के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने के लिए मांग पुलिस से की थी लेकिन कोई कार्यवाही नही हो सकी। इसके बाद 19 जुलाई को फिर मारपीट करने पर थाने गयी तो वहां पर मौजूद कस्बा इंचार्ज ने कमरे में ले जाकर मेरे साथ गाली गलौज कर संवेदनशील जगह पर लात मारी जिससे मेरे चोट आई है। तथा पति पुलिस से सांठगांठ कर प्रताड़ित कर रहा है इस लिए थाना पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है। इससे उसके हौसले बुलंद हैं।पीडित महिला ने बताया कि मुझसे जबरन सादे कागज पर अंगूठा लगवाया गया था। जो कि दोनों का आपसी रजामन्दी के लिए था। लेकिन आये दिन की मारपीट से तंग आकर महिला ने उच्च अधिकारियों से इस मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। इसका शिकायती पत्र डीआईजी बाँदा को भेजकर कार्यवाही करने की मांग की है। वही कस्बा इंचार्ज फूलचंद्र मिश्रा का कहना है कि महिला का आरोप निराधार है। दोनों पति पत्नी का मामला है। इसमें दोनो का शांति भंग में चालान भी किया गया था। इस संबंध में कुरारा थानाध्यक्ष आशीष कुमार यादव ने बताया कि जब यह महिला थाने आई थी तो दोनों का शांति भंग में चालान किया गया था! तभी से महिला इस बात से नाराज थी कि मेरा चालान शांति भंग में क्यों किया किया गया! जिसके चलते यह महिला गलत आरोप लगा रही है जो महिला का आरोप निराधार है!

# बेटी को गोली मार पिता ने खुद भी जान दी, परिजनों में मचा कोहराम

फर्रुखाबाद । जिले में फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूतगंज निवासी हलवाई प्रमोद कुमार का बेटी मुस्कान (17) से किसी बात पर विवाद हो गया। इस पर प्रमोद ने मुस्कान को तमंचे से गोली मार दी। गर्दन में गोली लगने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद प्रमोद ने खुद की कनपटी पर गोली मार ली। इससे उसकी भी मौके पर मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुन उसकी पत्नी नीचे से ऊपर के कमरे में गईं तो दोनों को लहूलुहान पड़ा देख चीख–पुकार मचाई। इससे मौके पर भीड़ लग गई। घटना की जानकारी



मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। प्रमोद की याकूतगंज में मिठाई की दुकान है। उसका बेटा अंश (7) स्कूल गया था। पुलिस घटना की सही वजह पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# इंडो नेपाल सीमा पर बसे गांव में बिजली पानी के साथ रास्ता भी बदहाल

### विकास की राह देख रहा ककरदरी गांव 11 वर्ष पूर्व लगे खबे नहीं दे सके अभी तक रोशनी



श्रावस्ती । इंडो नेपाल सीमा पे बसा विकास क्षेत्र हरिहरपुर रानी का ककरदरी गांव विकास कि राह देख रहा है सड़क सफाई बिजली पानी की अव्यवस्थाओं में जूझ रहे इस गांव के लोग खानाबदोश जीवन जीने को मजबूर है हरिहरपुर रानी विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककरदरी स्वयं अकेला गांव है जो मल्हीपुर थाना क्षेत्र के इंडो नेपाल सीमा से सटा हुआ बसा हुआ है जिला व तहसील मुख्यालय से 35 वह ब्लॉक मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव को जाने के लिए 5 किलोमीटर रास्ता जंगल की पगडंडियों से होकर गुजरता है राप्ती बैराज से एसएसबी कैंप तक खरंजा का निर्माण कराया तो गया लेकिन इसके बदतर स्थिति के कारण लोगों को खरंजा के बजाय पगडंडी रास्तों का सहारा लेना पड़ता है करीब तीन हजार आबादी वाले इस गांव में 2011 में विद्युतीकरण कराया गया था लेकिन वन विभाग के विरोध के कारण बिजली यहां अभी तक आपूर्ति नहीं हो सकी जिससे लोगों को सोलर लाइट का सहारा लेना पड़ता है वर्ष 2017 में पीने योग्य पानी के लिए गांव में दो पानी टंकी का निर्माण कराया गया था लेकिन उसका संचालन आज तक नहीं हुआ गांव में साफ सफाई एकदम बदतर है ।

# भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



श्रावस्ती । भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती इकाई द्वारा भाजपा जिला कार्यालय भिनगा में जिला बैठक का आयोजन किया । जिला बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे वर्ष विभिन्न अभियानों, कार्यक्रमों के माध्यम से सदैव जनता के बीच रहता है। जब दूसरे दल चुनाव के समय घर से निकलते हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कोरोना जैसी महामारी में भी अपनी जान की परवाह ना करते हुए जरूरतमंदों को भोजन, दवाएं और राशन का वितरण कर रहा था। इस समय से आज़ादी का अमृत महोत्सव चल रहा है और यह 15 अगस्त तक चलेगा जिसे शीर्ष नेतृत्व द्वारा बताए गए अनुसार हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरी भव्यता व उत्साह से मनाना है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहाकि पार्टी केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार अपने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यो के माध्यम से जन जन के हृदय में स्थान बना रही है उसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी का संगठन भी जनता के साथ निरंतर संपर्क एवं संवाद के माध्यम से जुड़ी हुयी है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता जनता के सुख दुख में सदैव शामिल रहा है यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ की स्वीकार्यता और बढ़ी है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक में पारित राजनेतिक प्रस्ताव, आर्थिक एवं गरीब कल्याण तथा तेलंगाना पर प्रेस वक्तत्व को पूर्व संजय कैराती पटेल, जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला तथा जिला मंत्री अनिल मिश्रा ने पढ़ा और उपस्थित कार्यकर्ताओ ने दोनों हाथ उठाकर ध्वनि मत से प्रस्ताव को अपना समर्थन दिया। इस दौरान वार्ड नं 8 के नामांकन कर्ता रणबीर सिंह, बलविंदर सिंह, वीरेंद्र शर्मा तथा सुभाष पाण्डेय ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री पुरुषोत्तम कौशल ने किया। बैठक में जिला महामंत्री प्रेम सिंह नायक, जिला उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय, दिनेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या, प्रकाश चंद, जिला मंत्री प्रहलाद शुक्ला, अरुण पाण्डेय, दिनेश आर्या, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, विनोद साहू, अनिल निषाद, विन्नु तिवारी, अटल बिहारी मिश्रा, गीता गुप्ता, सरिता सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दो मांस तस्करों को किया गिरफ्तार




श्रावस्ती । नेपाल राष्ट्र से मांस लाकर भारत में बेचने व पवित्र माह में शौहार्द बिगाड़ने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, गुरुवार को टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण शील थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि मोहम्मद लुकमान खान पुत्र कमाल मोहम्मद निवासी बनगई थाना मल्हीपुर व जिबराइल पुत्र मरदान निवासी अकार कानीबोझी थाना मल्हीपुर नेपाल राष्ट्र से अवैश भैंसा व पड़वे का मांस लाकर भारत में बेचते हैं। जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है व पवित्र माह में शौहार्द बिगड़ सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को ग्राम गजोबरी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक वीपेन्द्र यादव, आरक्षी रोहित वर्मा, शोभित वर्मा, प्रवीण कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया एचयूएल की अल्ट्रा-मॉडर्न फैक्टरी का उद्घाटन




हमीरपुर । जिले के कस्बा भरुआ सुमेरपुर में हिंदुस्तान यूनिलीवर की दूसरी यूनिट का गुरुवार को मुख्यमंत्री ने वर्चुअली उद्घाटन किया। इस मौके पर सदर विधायक,विधान परिषद सदस्य,जिला पंचायत अध्यक्ष के अलावा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदुस्तान यूनिलीवर के सीईओ और एमडी संजीव मेहता के साथ कस्बे में यूनिलीवर इंडिया लिमिटेड के नए कारखाने का वर्चुअली औपचारिक उद्घाटन किया। यह कारखाना अत्याधुनिक स्प्रे ड्राइड डिटर्जेंट फैक्ट्री और स्वचालित स्टोरेज है। एचयूएल 2025 तक यहां 700 करोड़ रुपए का निवेश की योजना बना रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य के लिए गर्व की बात है। हमें खुशी है कि यूनीलीवर जैसी वैश्विक कंपनी ने हमारे राज्य को अल्ट्रा मॉडर्न फैक्टरी स्थापित करने के लिए चुना है। एचयूएल के सीईओ संजीव मेहता ने कहा कि यूआईएल के प्लांट को बुंदेलखंड जैसे अति पिछड़े क्षेत्र में आकार लेते देखकर अपार खुशी हुई है। यह उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है। यह कारखाना बुंदेलखंड के विकास को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा।

उद्घाटन समारोह में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, विधान परिषद सदस्य जीतेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ. चंद्रभूषण त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल,एडीएम रमेश चंद्र तिवारी, सीडीओ मथुरा प्रसाद मिश्रा, एसडीएम सदर रविंद्र कुमार, सीओ सदर रविप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष भरत कुमार, फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज रामबाबू यादव आदि मौजूद रहे। उद्घाटन के उपरांत फैक्टरी प्रबंधन ने सामाजिक क्षेत्र के उत्थान के लिए कंपनी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया। कंपनी हमीरपुर, एटा,जालौन के 300 से अधिक गांवों में किसानों, महिलाओं उत्थान और जल संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। इससे हमीरपुर के 133, एटा के 164 व जालौन के 16 गांव लाभान्वित हो रहे है। उद्घाटन के बाद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फैक्टरी प्रांगण में पौधों का रोपण किया।

# प्रसूता की मौत के बाद नर्सिंग होम में हंगामा, तोड़फोड़




उन्नाव । जिले में सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव–हरदोई मार्ग पर स्थित एक निजी अस्पताल में सीजर ऑपरेशन होने के कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटते हुए तोड़फोड़ कर दी। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जुझारपुर गांव निवासी मुलायम सिंह प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी दीपा को सुबह सात बजे कस्बे के प्राइवेट रौनक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर अजय पाल ने खून की कमी बताकर सीजर ऑपरेशन करने को कह ऑपरेशन रूम में लेकर गए। सीजर ऑपरेशन से महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर बाद महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन जब तक कुछ समझ पाते उसकी मौत हो गई। मृतका दीपा के पति मुलायम सिंह ने बताया कि सुबह सात बजे जब वह रौनक अस्पताल लेकर पहुंचा तब उसकी पत्नी ठीक थी। अस्पताल में मौजूद अजय पाल ने खून की कमी बताकर सीजर ऑपरेशन करने की बात कही थी। ऑपरेशन के कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। पति ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक महिला की दो वर्ष पहले शादी हुई थी। परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन करने की बात कहकर हंगामा शुरू कर दिया। नाराज परिजनों ने अस्पताल में तोड़तोड़ शुरू कर दी। जिससे मुख्य गेट के शीशे टूट गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल से डॉक्टर स्टाफ गायब हैं। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बेकाबू ट्रक ने कार में मारी टक्कर, एक की मौत, दो की हालत गंभीर



जालौन । जिले में हाईवे पर रफ्तार का कहर देखने को मिला। ओवरटेक करते समय ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। जिसमें सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को हाईवे की एंबुलेंस से झांसी के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां रास्ते में ही एक युवक की मौत हो गई। एट थाना क्षेत्र के झांसी–कानपुर हाईवे पर ग्राम पिरौना ओवरब्रिज के नजदीक झांसी से लखनऊ जा रही कार जैसे ही ओवर ब्रिज के नजदीक पहुंची तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने पीछे से ओवरटेक करते हुए कार में टक्कर मार दी। इससे अनियंत्रित होकर कार हाईवे पर पलट गई। जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। वहीं हादसा होते ही हाईवे पर हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को हाईवे की एंबुलेंस से डॉक्टर अफजाल खान की देखरेख में झांसी के मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां एक युवक की रास्ते में मौत हो गई जबकि दो की हालत नाजुक बनी हुई है।

# करंट की चपेट में आने से ससुर व बहू की मौत, दो झुलसे




ओरैया । जिले में बेला थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में घर के बाहर टीनशेड में आए करंट की चपेट में आकर ससुर व बहू की मौत हो गयी। बचाने पहुंचे मां–बेटे झुलस गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिधूना ले जाया गया। गुरुवार सुबह 3 बजे दौलतपुर निवासी 55 वर्षीय जगदीश चन्द्र पुत्र मैकूलाल घर के बाहर टीनशेड में सो रहे थे। तभी टीनशेड में उतरे करंट से बकरी झुलस गई और चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर देखने आये जगदीश, पत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्र अनुराग एवं पुत्रवधु रेखा ने बकरी को छुड़ाने का प्रयास किया तो चारों लोग गंभीर रूप से झुलस गए। चीख–पुकार सुनकर पड़ोसी महेश चंद्र आ गए। किसी तरह सभी को अलग किया व एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से सभी झुलसे लोगों को सीएचसी बिधूना में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जगदीश व बहू रेखा को मृत घोषित कर दिया। झुलसे मां–बेटे को गंभीर हालत के चलते सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया है। बेला थाना प्रभारी जीवाराम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### 'शराब के साथ जहरीला पदार्थ पिलाने का लगाया आरोप,युवक की हालत गंभीर'

'हमीरपुर'–बिवाँर कस्बा के केसरापुरा मोहल्ला निवासी उमाशंकर प्रजापति ने थाना बिवाँर में अपने पड़ोसी राकेश कुमार पुत्र परमा वर्मा के खिलाफ आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उसके छोटे भाई महेंन्द्र को पुरानी खुन्नस के चलते शराब के साथ कोई जहरीला पदार्थ पिला दिया जिससे उसकी जान पर बन आई है ।बताया कि उसके छोटे भाई की पड़ोसी राकेश से रुपयों के लेनदेन को लेकर कुछ दिनों पहले विवाद हो गया था लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई ।लेकिन गुरुवार की सुबह उसका भाई अपनी जूता चप्पल की दुकान के लिए माल खरीदने के लिए कानपुर जाने वाला था ,इसलिए उसने गांव के कुछ व्यवहारियों से करीब पचास हजार उधार लिए थे जिसकी जानकारी उक्त को हो गई ,जिस पर वह उसे बहला–फुसलाकर अपने घर ले गया और घर में उसने उसके भाई को शराब के साथ कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। बताया कि पीड़ित का भाई लड़खड़ाते हुए जब घर पहुँचा तब उसके मुंह से झाग निकल रहा था। घर में अचेत होने जाने पर परिजनों ने उसे पीएचसी बिवाँर में भर्ती कराया जिसकी हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।बताया कि पीड़ित का भाई जिला अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत अभी भी गंभीर है। वहीं हलका इंचार्ज एसआई दिनेश सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, इस मामले की जांच के दौरान पता चला है कि दोनों ने बैठकर शराब पी थी ,

# 'कांग्रेस अध्यक्ष हैं तो क्या 'महामानव' हैं', लोकसभा में बोले प्रह्लाद जोशी




लोकसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस सदस्यों द्वारा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलब किये जाने के विरोध में हंगामा करने पर सरकार ने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या कांग्रेस अध्यक्ष कोई 'सुपर ह्यूमन बीइंगश (महामानव) हैं.

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के सदस्य तख्तियां लेकर आए थे जिन पर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की तस्वीर के साथ 'सत्यमेव जयतेश लिखा था. वे नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा सोनिया को तलब किये जाने और गुरुवार को उनसे पूछताछ के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे.

### कांग्रेस अध्यक्ष हैं तो क्या 'सुपर ह्यूमन बीइंगश हैं

इस पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जिनके बारे में ये तख्तियां लेकर आए हैं, उनके बारे में मै पूछना चाहता हूं. कानून के सामने सब समान हैं या नहीं. कांग्रेस अध्यक्ष हैं तो क्या 'सुपर ह्यूमन बीइंगश हैं.श्श इसका कांग्रेस सदस्यों ने जबर्दस्त विरोध किया और हंगामा बढ़ गया. इसके बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही शुरू होने के करीब 10 मिनट बाद 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी.

### सरकार महंगाई के विषय पर चर्चा के लिए तैयार

महंगाई के मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे को लेकर जोशी ने पूछा कि जब सरकार महंगाई के विषय पर चर्चा के लिए तैयार है तो विपक्षी सदस्य हंगामा क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अभी अस्वस्थ हैं और उनके स्वस्थ होते ही कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) में चर्चा के लिए जो भी निर्णय होगा, सरकार उसके अनुसार महंगाई पर चर्चा के लिए तैयार है.

### सीतारमण कोरोना वायरस से संक्रमित

ज्ञात हो कि सीतारमण कोरोना वायरस से संक्रमित हैं. जोशी ने कहा कि विपक्षी दल विशेष रूप से कांग्रेस और अन्य दल महंगाई पर चर्चा की मांग कर रहे हैं, हमने 'हांश कर दी है. अब इनकी समस्या क्या है? ये सदन चलाना चाहते हैं या नहीं?श्श कांग्रेस के मणिकम टैगोर और गौरव गोगोई ने सोनिया गांधी से ईडी द्वारा पूछताछ किये जाने को लेकर गुरुवार को लोकसभा में कार्यस्थगन का नोटिस भी दिया है. कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पूछताछ के लिए आज ईडी के दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंची हैं.